## दिनांक 25.06.2021 को उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद की अध्यक्षता में Google meet के माध्यम से धनबाद जिला खनिज फाउन्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति की बैठक की कार्यवाही

### माननीय सदस्यों की उपस्थिति :–

1. वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद।
2. उप विकास आयुक्त, धनबाद।
3. वन प्रमण्डल पदाधिकारी, धनबाद।
4. सिविल सर्जन, धनबाद।
5. जिला पंचायती राज पदाधिकारी, धनबाद।
6. जिला खनन पदाधिकारी, धनबाद।

### अन्य पदाधिकारी

1. जिला योजना पदाधिकारी–सह–नोडल पदा0, DMFT, धनबाद।
2. नितिन कुमार, टीम लिडर, DMFT(PMU), धनबाद।

सर्वप्रथम Google meet के माध्यम से उपस्थित सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों ,का स्वागत करते हुए उपायुक्त–सह–अध्यक्ष, DMFT, धनबाद के द्वारा अवगत कराया गया कि COVID 19 संक्रमण के तृतीय लहर की संभावना को देखते हुए दिनांक 22.05.2021 की बैठक में प्रबंधकीय समिति के द्वारा धनबाद जिला के शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्तपाल, धनबाद के Cath lab में 180 ICU Beds, Pediatrics Intensive Care Unit (PICU) एवं Neonatal Intensive Care Unit (NICU) अधिष्ठापन का प्रस्ताव पारित है। इसी के परिपेक्ष्य में Cath lab में Medical Gas Pipeline System का अधिष्ठापन किया जाना है जिसके आलोक में प्रबंधकीय समिति के समक्ष निम्न प्रस्ताव रखा गया :–

**शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्तपाल, धनबाद के Cath lab में Medical Gas Pipeline System अधिष्ठापन हेतु निविदा निस्तारण समिति के अनुशंसा के आलोक में प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव ।**

1. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद के आदेश ज्ञापांक–4028 दिनांक 31.05.2021 के आलोक में असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, धनबाद की अध्यक्षता में गठित समिति जिसमें डॉ0 यू0 के0 ओझा, विभागाध्यक्ष, मेडिरिन विभाग, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद, डॉ0 मृत्युंजय तिवारी, सहायक प्रोफेसर, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद, डॉ0 राजकुमार, नोडल ऑफिसर, सदर अस्पताल, धनबाद, डॉ0 नसीम विभागाध्यक्ष एनेथेसिया, सेन्ट्रल अस्पताल, धनबाद एवं श्री सुभम सिंघल, प्रोजेक्ट मैनेजर, PMU (DMFT), धनबाद को सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया था, के द्वारा COVID-19 (Wave-I&II) के अनुभव एवं आवश्यकता तथा COVID-19 (Wave-III) की संभावना के मद्देनजर कैथ लैब, शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय, धनबाद में 180 ICU Beds, Pediatrics Intensive Care Unit (PICU) एवं Neonatal Intensive Care Unit (NICU) अधिष्ठापन के परिपेक्ष्य में $1^{st}$ एवं $2^{nd}$ एवं Ground floor में Medical Gas Pipeline System की अधिष्ठापन करने की अनुशंसा की गई है।
2. प्रबंधकीय समिति की बैठक दिनांक 22.5.2021 में पारित प्रस्ताव एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार, धनबाद के आदेश ज्ञापांक–4028 दिनांक 31.05.2021 के आलोक में कार्यालय के ज्ञापांक– 178/DMFT दिनांक 07.06.2021 एवं ज्ञापांक– 206/DMFT दिनांक 12.06.2021 के आलोक में धनबाद जिला में शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्तपाल, धनबाद के Cath lab में Medical Gas Pipeline System अधिष्ठापन हेतु निविदा आमंत्रित किया गया था जिसके आलोक में इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक–152 / DMFT दिनांक 21.05.2021 के क्रम

में गठित निविदा निस्तारण समिति, धनबाद की बैठक दिनांक 16.6.2021 दिनांक 19.6..2021 एवं दिनांक 24.6.2021 में प्राप्त 03 निविदाओं के निष्पादन के उपरांत धनबाद जिला में Medical Gas Pipeline System की स्थापना हेतु आपूर्तिकर्त्ता एवं इसके अधिष्ठापन हेतु दर का निर्धारण किया गया है।

3. उक्त अनुशंसा एवं निविदा निस्तारण समिति, धनबाद के द्वारा निर्धारित आपूर्तिकर्त्ता एवं इसके अधिष्ठापन हेतु निम्न विवरणी के अनुसार निर्धारित दर पर प्रशासनिक स्वीकृति अपेक्षित है :–

| Project | योजना का नाम | निविदा निस्तारण समिति के द्वारा निर्धारित दर | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | कार्यकारी एजेन्सी का नाम/पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 |
| I | Modification of existing oxygen pipeline system with supply and Installation of complete Air and suction system to convert the oxygen bedded system into ICU set up in 2nd floor of COVID care centre SNMMCH, Dhanbad | 91,28,760.00 | 91,28,760.00 | Apex India, 2nd Floor, A Block, Gupteshwar Complex, Bekar Bandh, Dhanbad - 826001 |
| II | Up gradation of the existing 30 bedded ICU and adding additional point of oxygen Air & vacuum for 25 bedded in the Ground floor of the COVID care-centre SNMMCH, Dhanbad | 31,64,840.00 | 31,64,840.00 | |
| III | 50 Bedded Medical Gas Pipeline System work on remaining part of 1st floor of the COVID care centre SNMMCH, Dhanbad | 82,88,020.00 | 82,88,020.00 | |
| | Total | **2,05,81,620.00** | **2,05,81,620.00** | |

<u>निर्णय</u> :– सम्यक विचारोपरान्त प्रसंगाधीन उपरोक्त 03 (तीन) प्रोजेक्ट/योजनाओं के लिए योजनाओं के नाम के समक्ष स्तंभ 04 में अंकित प्रोजेक्टवार/योजनावार यानि कुल 2,05,81,620.00 (दो करोड़ पांच लाख इक्कासी हजार छः सौ बीस) रू0 मात्र पर विभागीय अधिसूचना ज्ञापांक–357/एम दिनांक 03.2.2017 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2021–22 जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद के निधि से उक्त योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु प्रबंधकीय समिति के द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का निर्णय लिया गया साथ ही प्रसंगाधीन प्रोजेक्ट/योजनाओं के कार्यान्वयन Apex India, 2nd Floor, A Block, Gupteshwar Complex, Bekar Bandh, Dhanbad - 826001 से कराने हेतु उन्हें कार्यकारी एजेन्सी के रूप में नामित करते हुए कार्यादेश निर्गत करने का भी निर्णय लिया गया।

अंत में बैठक की कार्यवाही धन्यवाद ज्ञापन के साथ समाप्त किया गया।

25.6.2021
जिला खनन पदा0
धनबाद।

25/6/21
जिला पंचायती राज पदा0/धनबाद।

25/06/21
जिला योजना पदा0 – सह–नोडल पदा0 DMFT, धनबाद।

25/6/21
सिविल सर्जन, धनबाद

25-6-21
वन प्रमण्डल पदा0
धनबाद।

25/6/21
उप विकास आयुक्त, धनबाद।

वरीय पुलिस अधीक्षक, धनबाद।

25/06/21
उपायुक्त, धनबाद।

ज्ञापांक 244 /DMFT धनबाद, दिनांक 25-6-2021

प्रतिलिपि :– उप विकास आयुक्त–सह–सचिव, जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट, धनबाद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :– जिला खनिज फाण्डेशन ट्रस्ट के प्रबंधकीय समिति के सभी पदाधिकारियों/सभी संबंधितों को सूचनार्थ प्रेषित।

25/06/21
उपायुक्त, धनबाद।